U.G. 6th Semester Examination - 2021

HINDI

[HONOURS]

Course Code : HIN-H-CC-T-14

Full Marks : 60 Time : $2\frac{1}{2}$ Hours

The figures in the right-hand margin indicate marks. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. किन्हीं **दस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10=20

क) आचार्य शुक्ल की किन्हीं दो आलोचना ग्रथों के नाम लिखिए।

ख) 'नाटक' निबंध के रचनाकार कौन हैं? उनके द्वारा संपादित किसी एक पत्रिका का नाम लिखिए।

ग) नामवर सिंह द्वारा रचित दो आलोचनात्मक ग्रंथों का नाम लिखिए।

घ) हिंदी के दो मार्क्सवादी समीक्षकों के नाम लिखिए।

ङ) 'निराला की साहित्य साधना' के रचनाकार कौन हैं? यह कितने भागों में प्रकाशित है?

च) 'त्रिवेणी' पुस्तक में किन तीन महाकवियों की आलोचना की गई है?

छ) 'मध्यकालीन बोध का स्वरूप' और 'हिंदी साहित्य: बीसवीं सदी' के रचनाकारों के नाम लिखिए।

ज) 'आस्था और सौंदर्य' तथा 'रस सिद्धांत' के रचनाकारों के नाम लिखिए।

झ) 'कविता के नए प्रतिमान' किसकी रचना है? आप संप्रति पत्रिका के संपादक कौन थे?

ञ) 'चिंतामणि' निबंध संग्रह किसकी रचना है? यह कितने भागों में प्रकाशित हुई है?

ट) 'साहित्यालोचन' किसकी रचना है? इस आलोचक का कालखंड बताइए।

ठ) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने किस पत्रिका का संपादन किया था? वे किस वर्ष इसके संपादक बने?

ड) हिंदी में व्यवहारिक आलोचना का जनक किसे माना जाता है? उनके द्वारा संपादित पत्रिका का नाम लिखिए?

ढ) 'भारतीय सौंदर्यशास्त्र की भूमिका' और 'हिंदी के विकास में अपभ्रंश का योग' ग्रंथों के रचनाकारों के नाम लिखिए।

ण) शुक्लयुगीन दो आलोचकों के नाम बताएँ।

2. किन्हीं **चार** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

क) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के किसी एक आलोचना ग्रंथ की समीक्षा कीजिए।

ख) हिंदी आलोचक के रूप में नगेंद्र के महत्व का आकलन कीजिए।

ग) नंददुलारे बाजपेयी के योगदान पर प्रकाश डालिए।

घ) विजयदेव नारायण साही की साहित्सिक आलोचना पर प्रकाश डालिए।

ङ) नामवर सिंह के साहित्यिक योगदान की समीक्षा कीजिए।

च) आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र का साहित्यिक परिचय दीजिए।

3. किन्हीं **दो** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $10\times2=20$

क) हिंदी आलोचना की पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए द्विवेदी युगीन आलोचना पर प्रकाश डालिए।

ख) नई समीक्षा की मूल विशिष्टताओं की समीक्षा कीजिए।

ग) हिंदी आलोचना के विकास में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के योगदान की चर्चा कीजिए।

घ) रामविलास शर्मा की आलोचना पद्धति पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।